181

4/14.08

नकल प्रा० प० देने का दिनांक	नकल तैयारी का दिनांक	नकल देने हेतु का दिनांक	प्रतिलिपिक के हस्ताक्षर
29.6.13	1.7.13	1.7.13	[illegible]

नकल आदेश दिनांक 29.6.13 पारित द्वारा न्यायालय उप जिलाधिकारी सोहावल फैजाबाद, वाद सं०-69 अंतर्गत धारा 143 ZAALR [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] सोहावल फैजाबाद [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

नकल सर्टिफिकेट प्रति संलग्न है

[illegible]

अधिकारी

न्यायालय उप जिलाधिकारी सोहावल–फैजाबाद।

वाद सं0:– 63

अन्तर्गत धारा–143 जे0ए0 ऐक्ट
ग्राम–कल्याण भदरसा, परगना–हवेली अवध
तहसील–सोहावल, जिला–फैजाबाद।

जय मॉं दुर्गे धर्मावती महाविद्यालय ———— बनाम ———————— गॉंव सभा आदि

–:निर्णयः–

श्री राम सहाय यादव एड0, प्रबंधक, जय मॉं दुर्गे धर्मावती महाविद्यालय कल्याण भदरसा फैजाबाद ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि भूमि गाटा संख्या–226मि0/0.140 हे0, 226ख/0.028 हे0, 189/0.158 हे0, 188/1.1130 हे0 स्थित ग्राम कल्याण भदरसा, परगना हवेली अवध, तहसील सोहावल जिला फैजाबाद का वह सं0भू0 काबिज व दखील है, जिसमें कृषि, वानिकी, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन आदि कार्य नहीं हो रहे है। अतः उक्त रक्बे को धारा–143 जे0ए0एक्ट के अंतर्गत अकृषिक/आबादी घोषित कर दिया जाय।

पत्रावली तहसीलदार को जॉंच हेतु प्रेषित की गयी। तहसीलदार द्वारा नियम–135 ए पर आख्या प्रेषित की गयी, जिसमें यह कहा गया कि ग्राम कल्याण भदरसा, परगना हवेली अवध, तहसील सोहावल जिला फैजाबाद की खतौनी खाता संख्या–361, 309,13, 294 ग्राम कल्याण भदरसा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल, जिला फैजाबाद के बकदर अंश पर जय मॉं दुर्गे धर्मावती महाविद्यालय कल्याण भदरसा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला फैजाबाद प्रबंधक राम सहाय यादव एड0 के नाम सं0भू0 अंकित है। उक्त खातों के गाटा संख्या–226मि0/0.140 हे0, 226ख/0.028 हे0, 189मि0 व 188मि0 क्षेत्रफल 0.084 हे0 अकृषिक रूप में प्रयोग हो रहा है। कृषि कार्य नहीं हो रहा है। गैर कृषि प्रयोजन हेतु घोषित करने की संस्तुति की गयी है।

जॉंच आख्या प्राप्त होने पर ग्राम प्रधान/शासकीय अधिवक्ता को नोटिस भेजी गयी, जो बाद तामीला संलग्न पत्रावली है। किसी भी तरफ से कोई आपत्ति नहीं आयी।

मैने पत्रावली पर उपलब्ध उद्धरण खतौनी, खसरा, नजरी नक्शा, तहसीलदार सोहावल फैजाबाद की आख्या आदि का अवलोकन किया। गाटा संख्या–226मि0/0.140 हे0, 226ख/0.028 हे0, 189मि0 व 188मि0 क्षेत्रफल 0.084 हे0 स्थित ग्राम कल्याण भदरसा परगना हवेली अवध तहसील सोहावल जिला फैजाबाद प्रबंधक राम सहाय यादव एड0 के नाम सं0भू0 अंकित है जिसमें कृषि कार्य नहीं हो रहा है। उ0 प्र0 ज0 वि0 अधि0 की धारा–143 में यह व्यवस्था दी गयी है कि कोई खातेदार अपनी भूमि व उसके किसी भाग का प्रयोग कृषि कार्य से भिन्न प्रयोजन में उपयोग कर रहा है, तो उतने अंश को अकृषिक प्रयोजन हेतु प्रख्यापित कर दिया जाय। तहसीलदार की जॉंच आख्या से स्पष्ट है कि उपरोक्त भूखण्डों में कृषि कार्य नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में प्रश्नगत भूखण्ड गैर कृषिक प्रयोजन हेतु प्रख्यापित किए जाने योग्य पाया जाता है।

आदेश

अतः आदेश हुआ कि ग्राम कल्याण भदरसा, परगना हवेली अवध, तहसील सोहावल जिला फैजाबाद की गाटा सं0–226 मि0/0.140 हे0, 226ख/0.028 हे0, 189 मि0 व 188 मि0 रक्बा 0.084 हे0 को गैर कृषि प्रयोजन हेतु प्रख्यापित किया जाता है। नियम–136 के अनुसार परवाना अमलदरामद जारी हो तथा उसकी एक प्रति सम्बन्धित उप निबन्धक को भेजी जाय। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली संचित अभिलेखागार हो।

दिनांक: 29.6.13

29.6.13
(के0के0द्विवेदी)
उप जिलाधिकारी,
सोहावल–फैजाबाद।

[illegible]